संपादकीय

नाम का लोकायुक्त

सन् 2002 में एक विधेयक पारित करके हरियाणा ने लोकायुक्त की स्थापना की एक ईमानदार कोशिश की थी। उद्देश्य था कि सरकारी अधिकारियों, जिन पर भ्रष्टाचार या फिर दुर्व्यवहार आदि के आरोप लगें, उनकी ईमानदारी से जांच की जा सके। यह सुशासन के लिए एक बहुत अच्छा शगुन था कि लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों की बाबत, बिना कचहरी का चक्क र लगाए सही कार्रवाई की उम्मीद कर सकेंगे। लेकिन विडंबना है कि लोकायुक्त के आदेशों के बावजूद प्रदेश सरकार अपने वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई करने में आनाकानी कर रही है। हरियाणा विधानसभा में प्रस्तुत 2017-18 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 25 ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं, जिन पर अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। लोकायुक्त की कार्यकारिणी समिति ने कहा है कि जिन मामलों में लोकायुक्त ने कार्रवाई की अपेक्षा की हो, उन पर कोई अनुशासनिक कार्रवाई की रिपोर्ट (एटीआर) न भेजना न सिर्फ न्याय का अपमान है बल्कि इससे भ्रष्ट कर्मचारी बिना सजा के छूटते जाएंगे। एक पुलिस कमिश्नर के खिलाफ यह शिकायत सुनिश्चित हुई है कि उन्होंने एक एमएलए के खिलाफ शिकायत को लगभग साल भर तक टाला, जिसकी वजह से शिकायतकर्ता को न्याय मिलने में काफी देरी हुई।

एक दूसरे केस में नगर नियोक्त। द्वारा मनचाहे बिल्डर्स को गैरकानूनी निर्माण की अनुमति देने की वजह से विभाग उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर सका जबकि एटीआर भेजने का निर्धारित समय 3 महीने है। सरकार की अनदेखी से जवाबदेही कहीं किसी अंधकार में खो गई है। ऐसे में लोकायुक्त के आदेशों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए, जिससे कि आगे कार्य करने की ताकत मिल सके। यह भय कि एक सरकारी अधिकारी के खिलाफ बोलना खतरनाक हो सकता है, दूर किया जाना चाहिए। लोकायुक्त ने विधेयक में परिवर्तन की भी सिफारिश की है कि यदि लोकायुक्त के आदेश पर 4 महीनों के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो लोकायुक्त कार्यालय स्वयं सीधे कार्रवाई कर सके। सरकार लोकायुक्त को दिखावे का प्राधिकारी बनाने का रवैया छोड़े और उसे ताकत दी जाए ताकि कार्यपालिका पर अंकुश लग सके।

बैंकों की अवैध सरचार्ज वसूली पर आरबीआई की सख्ती

नई दिल्ली। डिजिटल पेमेंट पर सरचार्ज के नाम पर अवैध वसूली करने वाले बैंकों के खिलाफ रिजर्व बैंक ने जांच शुरू कर दी है। आरबीआई को कुछ बैंकों के खिलाफ गलत तरीके से डिजिटल लेन देन के नाम पर सरचार्ज वसूलने वालों की जानकारी मिली है। मामला लगभग 200 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वसूली का है।

आईआईटी बॉम्बे की तरफ से डिजिटल लेनदेन पर तैयार की गई एक रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है कि बैंकों ने इन ट्रांजेक्शन पर पेमेंट सरचार्ज लगाकर साल 2018 में 200 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वसूली की है। इसे लेकर आरबीआई बेहद गंभीर है। सूत्रों ने 'हिंदुस्तान' को बताया है कि जांच में दोषी पाए जाने पर बैंक रेग्युलेशन एक्ट के तहत एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। साथ ही रिजर्व बैंक के पेमेंट

एंड सेटेलमेंट सिस्टम्स एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि देश की राजधानी दिल्ली में यूपीआई के जरिए बिजली बिल भरने वालों को बिल की रकम से एक फीसदी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है।

ग्राहकों की जेब पर बोझ

मुंबई में टाटा पावर के ग्राहकों का बिजली बिल दो हजार रुपये से ज्यादा और दिल्ली में पांच हजार रुपये से ज्यादा होने पर जीएसटी लगाकर 0.7 फीसदी सरचार्ज देना पड़ता है, जबकि रेलवे की यात्रा के लिए आईआरसीटीसी से टिकट बुक करते समय यूपीआई से दो हजार रुपये से ज्यादा के पेमेंट पर जीएसटी के साथ अतिरिक्त 10 रुपये देने पड़ रहे हैं।

बैंकों ने चार्ज लेने की बात मानी

रिपोर्ट को तैयार करने वाले आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर आशीष दास के मुताबिक, लगातार शिकायत करने पर बैंक ऐसे ग्राहकों के पैसे भी लौटाते हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा रिपोर्ट तैयार करने के दौरान बैंकों ने भी ऐसे चार्ज की बात मानी है। आईआईटी बॉम्बे ने अपनी रिपोर्ट सभी बैंकों के साथ-साथ रिजर्व बैंक को भी भेजी है। रिजर्व बैंक उस पर जांच कर रहा है।

आरबीआई के पास नहीं है पेट्रोल पंप पर इस्तेमाल 500, 1000 रुपये के पुराने नोटों का आंकड़ा

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि नोटबंदी के दौरान पेट्रोल पंप, रेलवे टिकट और बिजली पानी आदि के बिलों के भुगतान में लोगों द्वारा इस्तेमाल किए गए 500 और 1,000 रुपये पुराने नोटों का उसके पास कोई आंकड़ा नहीं है। माना जा रहा है ऐसे भुगतानों के जरिए ऐसे नोट अच्छी खासी संख्या में पुनः बैंकों में वापस आ गए थे। आरबीआई ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई एक जानकारी के जवाब में यह बात कही।

ज्ञात हो कि आठ नवंबर 2016 को 500 और 1,000 रुपये के पुराने नोटों को बंद करने का अप्रत्याशित निर्णय किया गया था। लेकिन लोगों की सहूलियत के लिए सरकार ने 23 सेवाओं के बिलों का भुगतान कुछ समय के लिए ऐसे पुराने नोट के जरिए करने की छूट दे रखी थी। इन सेवाओं में सरकारी अस्पताल, रेल, सार्वजनिक परिवहन, हवाई अड्डों पर विमान टिकट, दुग्ध केंद्रों, श्मशान/कब्रिस्तान, पेट्रोल पंप, मेट्रो रेल टिकट, डॉक्टर के पर्चे पर सरकारी और निजी फार्मेसी से दवा खरीदने, एलपीजी गैस सिलेंडर, रेलवे खानपान, बिजली और पानी के बिल, एएसआई स्मारकों के प्रवेश टिकट और पथ-कर नाकों पर शुल्क आदि शामिल थे।

अगले दो साल में 100 अरब डॉलर एफडीआई लाने का लक्ष्यः प्रभु

मुंबई (आरएनएस)। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री सुरेश प्रभु ने शनिवार को कहा कि सरकार ने अगले दो साल में 100 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। पिछले साल देश में 38 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने किसी साल एफडीआई आकर्षित करने के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया हो। पिछले साल चीन में कुल 32 अरब डॉलर का एफडीआई हुआ था।

भारत में 2018 में प्राप्त एफडीआई में गत अगस्त में 16 अरब डॉलर के वालमार्ट-फ्लिपकार्ट सौदे से आया निवेश भी शामिल है। इस के अलावा पिछले साला के अन्य बड़े सौदों में हिंदुस्तान यूनिलीवर द्वारा जीएसके के उपभोक्ता कारोबार को 31,700 करोड़ रुपये में खरीदने तथा श्नाइडर इलेक्ट्रिक, टीपीजी कैपिटल, केकेआर, सॉफ्टबैंक और अलीबाबा आदि के सौदे शामिल रहे। प्रभु ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक कार्यक्रम में कहा, हमने पिछले साल रिकॉर्ड एफडीआई आकर्षित किया।

सूरत मेट्रो रेल परियोजना को सरकार की मंजूरी मिली

नई दिल्ली (आरएनएस)। केन्द्र सरकार ने गुजरात के सूरत में मेट्रो रेल परियोजना को मंजूरी दे दी है। इससे सूरत में 40 किमी से अधिक दूरी के दो मेट्रो रेल कॉरीडोर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

आवास एवं शहरी विकास मामलों के मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार सरकार द्वारा मंजूर की गयी सूरत मेट्रो रेल परियोजना को पांच साल में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसकी लागत 12020.32 करोड़ रुपये निर्धारित की गयी है। परियोजना के तहत 21.61 किमी लंबे पहले कॉरीडोर में सूरत के सरथाना से ड्रीम सिटी इलाके को जोड़ा जायेगा जबकि 18.74 किमी लंबा दूसरा कॉरीडोर भेसन से सरोली इलाके को मेट्रो रेल सेवा से जोड़ेगा।

इस परियोजना के तहत पहले कॉरीडोर में 20 और दूसरे में 18 मेट्रो स्टेशन बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। परियोजना को गुजरात मेट्रो रेल कार्पोरेशन पूरा करेगा। इसकी लागत में केन्द्र और गुजरात सरकार आधी आधी हिस्सेदारी वहन करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों से मिले ऋण का सहारा भी लिया जाएगा।

390 दवाइयों की कीमतों में 87 प्रतिशत की कटौती

कैंसर का इलाज होगा सस्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार ने कैंसर के उपचार के लिए उपयोगी 390 दवों की अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में शुक्रवार को 87 प्रतिशत तक की कटौती की है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधीनस्थ राष्ट्रीय दवा मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने आज इन दवाइयों की सूची जारी कर दी। एनपीपीए ने गत 27 फरवरी को 42 कैंसर रोधी दवाओं को 30 प्रतिशत की व्यापार मार्जिन सीमा में डाल दिया था। निर्माताओं

और अस्पतालों को व्यापार मार्जिन (टीएम) फॉर्मूले पर आधारित संशोधित एमआरपी के बारे में सूचित करने का निर्देश दिया गया था, जो आज से प्रभावी हो गई है। इसके तहत 426 ब्रांडों में से 91 प्रतिशत अर्थात 390 दवाओं की कीमतों में कमी आई है। कैंसर रोगियों के मामले में किए जाने वाला खर्च अन्य बीमारियों पर होने वाले व्यय की तुलना में औसतन ढाई गुना अधिक होता है। इस निर्णय से देश भर में 22 लाख कैंसर रोगियों के लाभ होगा। इससे उपभोक्ताओं को लगभग 800 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत होगी।

आज का राशिफल

मेषः स्वास्थ्य के सन्दर्भ में आज का दिन आपके लिए अच्छा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आलस्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवरोधक हो सकता है, इससे बचें।

वृषभः आज सुस्ती रहेगी, अनिद्रा के कारण थकान महसूस करेंगे। जीवनसाथी से आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। घर का वातावरण सौहार्दपूर्ण रहेगा। अपने खर्चों को नियंत्रण में रखें।

मिथुनः आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात संभव है, विपरीत लिंगी व्यक्ति से उचित दूरी बनाए रखें अन्यथा किसी मुसीबत में पड़ सकते हैं। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं।

कर्कः आप-अपने परिचितों के साथ लेन-देन में सावधानी बरतें अन्यथा बाद में परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में संयम से काम लें, दूसरों से उलझने से बचें।

सिंहः जो लोग धन संबंधी या वित्तीय सहायता पाना चाहते हैं, उनके लिए दिन अच्छा है। परिवार में किसी सदस्य के बीमार होने से परेशान होंगे।

कन्याः आज आपका स्वास्थ्य नरम रह सकता है। शिक्षा प्रतियोगिता तथा संतान की ओर से संतोषजनक परिणाम प्राप्त हो सकेंगे, परिवार में किसी के प्रति अकारण क्रोध आ सकता है। स्थायी संपत्ति में आप निवेश की योजना बनाएंगे।

तुलाः आज सेहत का ध्यान रखना होगा। उदर संबंधी रोग से परेशान हो सकते हैं। परिवार में मानसिक तनाव बढ़ सकता है। किसी से अनायास झगडा विवाद संभव है।

वृश्चिकः निवेश करते समय अधिक जोखिम न उठाएं अन्यथा नुकसान उठाना पड़ सकता है। खान-पान और अपनी दिनचर्या का ध्यान रखना जरूरी होगा अन्यथा स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

धनुः आज अपच की शिकायत हो सकती है इसलिए खान-पान संयमित रखें। भावुकता पर नियंत्रण रखें नहीं तो नुकसान हो सकता है। गलत तरीके से धन कमाने से बचें।

मकरः पारिवारिक मामलों में आप समझदारी से कार्य लें अन्यथा वैवाहिक जीवन में परेशानी आ सकती है। घर या जमीन में निवेश करना चाह रहे हैं तो आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। कारोबार में समय पर उचित निर्णय लेकर आप लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

कुंभः परिवार में मामूली तनातनी की स्थितियां उत्पन्न होगी। परिजनों और दोस्तों के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। शोध और वित्तीय परियोजनाओं को लेकर आगे बढ़ने का यह उचित समय है।

मीनः आपका पैसा कहीं रुका हुआ है तो थोड़े से प्रयास से उसकी प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ दवाब बना रह सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखना होगा। संतान के विषय में चिंतित होंगे।

फांस्वा बेटनकोर्ट : दुनिया की सबसे अमीर महिला

नई दिल्ली (आरएनएस)। खूबसूरत दिखने के लिए दुनियाभर में महिलाएं ही नहीं पुरूष भी तरह तरह के सौंदर्य प्रसाधन इस्तेमाल करते हैं। क्रीम, फाउंडेशन, शैंपू और हेयर कलर जैसे उत्पादों से उनकी खूबसूरती कितनी बढ़ती है, यह तो कोई नहीं जानता, लेकिन इन तमाम लोगों की जेब से निकलने वाले पैसे ने फ्रांस की सौंदर्य प्रसाधन बनाने वाली कंपनी लॉरियल की मालकिन को दुनिया की सबसे अमीर महिला जरूर बना दिया है। आज आलम यह है कि इस कंपनी की मालकिन की संपति 51 अरब डालर पर पहुंच चुकी है। भारतीय टेलीविजन के विज्ञापनों में कभी ऐश्वर्या राय तो कभी सोनम कपूर लड़कियों को लॉरियल के विभिन्न सौंदर्य प्रसाधन, शैंपू, कंडीशनर या हेयर कलर लगाने की सलाह देती हैं। शहरों में ही नहीं बल्कि गांव देहात की लड़कियों में भी इन सुंदरियों की तरह दिखने की चाहत इतनी ज्यादा है कि देश में भ ी

ऐ से तमाम उत्पादों पर दिल खोलकर पैसा खर्च किया जाता है। फोर्ब्स द्वारा हाल ही में जारी दुनिया के रईस लोगों की सूची में फ्रांस की कॉस्मेटिक कंपनी लॉरियल की वारिस फ्रांस्वा बेटनकोर्ट को 15वां स्थान मिला है। चूंकि इस सूची में उनसे ऊपर सभी पुरूष हैं इसलिए उन्हें दुनिया की सबसे अमीर महिला माना गया है। यह सच है कि फ्रांस्वा को यह दौलत उनकी मेहनत से नही बल्कि किस्मत से मिली है, लेकिन पिछले दो साल में उन्होंने कंपनी और अपनी संपति में इजाफा किया है। वह लिलियन बेटनकोर्ट की पुत्री हैं, जिनकी 2017 में मौत होने के बाद तमाम संपति इकलौती बेटी फ्रांस्वा को मिली। इस परिवार का फोर्ब्स की सूची में आना कोई नई बात नहीं है। फ्रांस्वा से पहले उनकी मां लिलियन दुनिया की सबसे अमीर महिला और दुनिया की 14वीं सबसे अमीर शख्स थीं और 2017 में उनकी संपत्ति 44.3 अरब डॉलर थी। 2005 में फोर्ब्स ने लिलियन को दुनिया की 39वीं सबसे ताकतवर महिला बताया था। लिलियन बेटनकोर्ट का जन्म पेरिस में हुआ था और वह अपने माता पिता की इकलौती संतान थीं।

गोवा ने सेमीफाइनल के पहले चरण में मुंबई को 5-1 से हराया

मुंबई (आरएनएस)। एफसी गोवा ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के पांचवें सत्र के दूसरे सेमीफाइनल के पहले चरण के मैच में शनिवार को यहां दमदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान मुंबई सिटी एफसी को 5-1 से करारी शिकस्त दी। मुंबई की टीम ने मैच का पहला गोल किया लेकिन गोवा ने शानदार वापसी करते हुए पहले हाफ में दो और दूसरे हाफ में तीन गोल कर इस सत्र में मुंबई पर तीसरी जीत हासिल की।

टीम इंडिया का ये खिलाड़ी शादी के बंधन में बंधा, बधाई देने पहुंची विराट एंड कंपनी

नई दिल्ली। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल शादी के बंधन में बंध गए है। पंजाब के इस क्रिकेटर की शादी में टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी बधाई देने पहुंचे। टी-20 क्रिकेट के एक स्पेशलिस्ट गेंदबाज है। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले सिद्धार्थ ने हरसिमरन कौर के साथ सात फेरे लिए। सिद्धार्थ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर टीम इंडिया के साथ तस्वीर शेयर की है।

बता दें कि टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के साथ चौथा वनडे मोहाली के पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन आईएस बिंद्रा स्टेडियम में खेलना है। इस दौरान सिद्धार्थ की शादी के मौके पर पूरी टीम इंडिया उन्हें बधाई देने पहुंची। सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर इस तस्वीर को शेयर किया है। सिद्धार्थ कौल अबतक भारतीय टीम के लिए 3 वनडे और 3 टी-20 मैच खेल चुके हैं। अपने खेले 3 वनडे मैचों में उन्हें अबतक एक भी विकेट हासिल नहीं हुआ हैं। वहीं अपने खेले 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उन्होंने 4 विकेट हासिल किए हैं। सिद्धार्थ भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर भी गए थे। वहां उन्होंने दो वनडे मैच खेले थे। हालांकि, उसके बाद उनको टीम इंडिया में जगह नहीं मिली। न्यूजीलैंड टी-20 में भी वह टीम का हिस्सा थे, लेकिन प्लेइंग इलेवन में उन्हें मौका नहीं मिला था।

टमाटर और हरे प्याज का शोरबा बनाने की विधि

आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप आसानी से घर पर टमाटर और हरे प्याज का शोरबा रेसिपी बना सकते हैं।

आवश्यक सामग्री :-

100 ग्राम मक्खन
100 ग्राम आटा
4 कलियां लहसुन की, बारीक कटी हुई
2 टेबलस्पून अदरक, कद्दूकस किया हुआ
1 टीस्पून हरी मिर्च, कटी हुई
1/2 टीस्पून इलायची पाउडर
1/2 टीस्पून धनिया पाउडर
1/2 टीस्पून जीरा पाउडर
1/2 टीस्पून गरम मसाला पाउडर
500 ग्राम टमाटर, कटे हुए
1 हरा प्याज, बारीक काट लें
एक पैन

विधिः-

पैन में मक्खन डालकर मीडियम आंच पर रखकर पिघलाएं, घी पिघल जाए तो पैन में आटा छिड़कें और सुनहरा-भूरा होने तक चलाते हुए भूनें। आंच धीमी करके पैन में अदरक, लहसुन , कटी हुई हरी मिर्च, इलायची, धनिया, जीरा और गरम मसाला पाउडर डालें. हिलाते हुए अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण में कटे हुए टमाटर डाल दें, सूप में उबाल आने तक तेज आंच पर पकाएं और इसके बाद धीमी आंच पर 12 मिनट तक पकने दें। सूप को छन्नी से छान लें, हरी प्याज से गार्निश सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य-02

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 01 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म			स
ट		भ	ला	ई		अ	स	म
ना	म			स	मा	धि		झ
	ज		बे		न	का	र	ना
बा	बू		आ	य	क	र		
	र	की	ब				प्र	था
ज			रू	प	क		ज	न
हा		पा		ना	म	ची	न	
ज	हां	प	ना	ह		ता	न	ना

सू-दोकू-02

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.01 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2